# कोविड-19 महामारी के दौरान ब्रैम्पटन में 2020 का छुट्टियों का सीजन

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (15 दिसम्बर, 2020) – आने वाले छुट्टियों के सीजन के दौरान, वीरवार, 24 दिसम्बर, 2020 को, दोपहर 12 बजे से लेकर, सोमवार, 4 जनवरी, 2021 को, सुबह 8:30 बजे तक सिटी हॉल (City Hall) सहित, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के कई ऑफिस जनता के लिए बंद रहेंगे।

फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज (Fire and Emergency Services), ट्रैफिक सर्विसिज (Traffic Services), बाइ-लॉ एन्फोर्समेंट (By-Law Enforcement), रोड ऑपरेशंस (Road Operations), और सिक्योरिटी सर्विसिज (Security Services) सहित, सभी महत्वपूर्ण सेवाएं, हमारे समुदाय की मदद के लिए पहले की तरह ही जारी रहेंगी।

किसी भी सवालों के लिए निवासी, 311 पर या 905.874.2000 (ब्रैम्पटन के बाहर से) पर फोन कर सकते हैं, ब्रैम्पटन 311 (Brampton 311) ऐप (जो ऐप स्टोर (App Store) या Google Play (गूगल प्ले) पर उपलब्ध है) का उपयोग कर सकते हैं, www.311brampton.ca पर जा सकते हैं या 311@brampton.ca पर ईमेल कर सकते हैं। हम, कोविड-19 (COVID-19) से संबंधित सवालों सहित, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन या रीजन ऑफ पील (Region of Peel) के किसी भी मुद्दों के लिए, 24/7 उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए www.brampton.ca/COVID19 पर जाएं।

**ब्रैम्पटन ट्रांज़िट**

ब्रैम्पटन ट्रांज़िट (Brampton Transit), 21 दिसम्बर से 3 जनवरी तक, छुट्टी के दिन वाली सेवा (Holiday Service) पर चलेगा। घटी हुई कार्यदिवस वाली सेवा, रद्द की गई स्कूल स्पैशल बसों और अतिरिक्त बसों पर लागू होगी। नियमित सेवा सोमवार, 4 जनवरी, 2021 को दुबारा शुरू होगी।

ब्रैम्पटन ट्रांज़िट, छुट्टियों के सीजन के लिए निम्नलिखित शेड्यूल पर चलेगा:

- सोमवार, 21 दिसम्बर, 2020: घटी हुई कार्यदिवस वाली सेवा
- मंगलवार, 22 दिसम्बर, 2020: घटी हुई कार्यदिवस वाली सेवा
- बुधवार, 23 दिसम्बर, 2020: घटी हुई कार्यदिवस वाली सेवा
- वीरवार, 24 दिसम्बर, 2020: घटी हुई कार्यदिवस वाली सेवा
- शुक्रवार, 25 दिसम्बर, 2020: रविवार/छुट्टी के दिन वाली सेवा
- शनिवार, 26 दिसम्बर, 2020: रविवार/छुट्टी के दिन वाली सेवा
- रविवार, 27 दिसम्बर, 2020: रविवार/छुट्टी के दिन वाली सेवा
- सोमवार, 28 दिसम्बर, 2020: घटी हुई कार्यदिवस वाली सेवा
- मंगलवार, 29 दिसम्बर, 2020: घटी हुई कार्यदिवस वाली सेवा

- बुधवार, 30 दिसम्बर, 2020: घटी हुई कार्यदिवस वाली सेवा
- वीरवार, 31 दिसम्बर, 2020: घटी हुई कार्यदिवस वाली सेवा
- शुक्रवार, 1 जनवरी, 2021: रविवार/छुट्टी के दिन वाली सेवा
- शनिवार, 2 जनवरी, 2021: शनिवार वाली सेवा
- रविवार, 3 जनवरी, 2021: रविवार/छुट्टी के दिन वाली सेवा

अधिक बार सफाई और सैनिटाइज़ करने का शेड्यूल पहले की तरह ही प्रभावी रहेगा। हर 48 घंटों में सभी ठोस सतहों, ऑपरेटर कम्पार्टमेंट्स और सीटों को रोगाणु मुक्त करना, ब्रैम्पटन ट्रांज़िट का लक्ष्य है। इस समय अधिकतर बसों को हर 24 घंटों में सैनिटाइज़ किया जा रहा है। जिन फैसिलिटीज और टर्मिनल्स की ठोस सतहें हैं, उन्हें रोज़ाना पोंछा जा रहा है और सैनिटाइज़ किया जा रहा है।

सिटी का, सवारियों से अनुरोध है कि वे जितना अधिक से अधिक संभव हो सके, मास्क पहनकर भी, बसों में, टर्मिनल्स पर और बस स्टॉप्स पर लगातार शारीरिक दूरी कायम रखें। सवारियों को यह भी याद दिलाया जाता है कि वे सफर करते समय हैंड सैनिटाइज़र या वाइप्स जैसे खुद के रोगाणु नाशक पदार्थ साथ में रखें, बार-बार अपने हाथ धोएं और खांसते या छींकते समय मुंह को अपनी कोहनी से ढक लें। यदि आप बीमार हैं, तो कृपया ट्रांज़िट पर सफर करने से परहेज करें, अपनी निकटतम कोविड-19 असेस्मेंट साइट पर टेस्ट करवाएं और पब्लिक हेल्थ के निर्देशों का पालन करें।

पील पब्लिक हेल्थ (Peel Public Health) की सलाह से, सवारियों को याद दिलाया जाता है कि बसों पर और टर्मिनल्स पर, आपके नाक, मुंह और ठोड़ी को ढकने वाले गैर-मेडिकल मास्क (कपड़े के बने साधारण मास्क) जरूरी हैं। सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, जोखिमों का लगातार निरीक्षण करने के लिए पील पब्लिक हेल्थ और ब्रैम्पटन एमरजेंसी मैनेजमेंट ऑफिस (Brampton Emergency Management Office) में अपने साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रही है।

नियमित अपडेट्स के लिए www.brampton.ca/covid19 पर जाएं और सेवा अपडेट्स के लिए bramptontransit.com पर जाएं अथवा Twitter पर @bramptontransit को फॉलो करें। सवाल सीधे ब्रैम्पटन ट्रांज़िट के संपर्क केंद्र से 905.874.2999 पर पूछे जा सकते हैं।

**ब्रैम्पटन रेक्रिएशन**

ब्रैम्पटन में, छुट्टियों के इस सीजन में रेक्रिएशन सेंटर्स (Recreation Centres) बंद हैं। हमारे रेक्रिएशन प्रोग्रामों और सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/recreation पर जाएं।

यदि मौसम ठीक रहा, तो सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के आइस रिंक्स, छुट्टियों के पूरे सीजन के दौरान खुले रहेंगे। संचालन के घंटों के बारे में, www.brampton.ca/outdoorskating पर पता लगाया जा सकता है।

समुदाय का स्वास्थ्य और सुरक्षा, सिटी की सबसे बड़ी प्राथमिकता है, विशेषकर कोविड-19 (COVID-19) के दौरान। पील पब्लिक हेल्थ

की सलाह के अनुसार, रिंक्स में जाने के लिए रिजर्वेशन सिस्टम स्थापित किया गया है। ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए है कि कैपेसिटी शर्तों का पालन किया जा रहा है और जहां जरूरी हो, संपर्क ट्रेसिंग संभव है।

रिजर्वेशन्स, 36 घंटे तक एडवांस में कराई जा सकती हैं। निवासी निम्नलिखित तरीकों से अपनी जगह सुरक्षित कर सकते हैं:

- cityofbrampton.perfectmind.com पर ऑनलाइन रजिस्टर करके
- 905.791.2240 पर हमारी बुकिंग लाइन को फोन करके
- सिटी की सीमाओं के अंदर से सर्विस ब्रैम्पटन (Service Brampton) को 311 पर फोन करके

सभी रिजर्वेशन्स, एक घंटे की अवधि तक सीमित हैं। रिजर्वेशन्स, माता-पिता, अभिभावकों या ऐसे अन्य लोगों सहित सभी रक्षकों के लिए जरूरी हैं, जिनके साथ स्केटिंग करने वाले आए हों, लेकिन वह बर्फ पर नहीं जा रहे हों। निवासियों से अनुरोध है कि वे, ऑनसाइट स्वागती टेंट पर स्टाफ के साथ चेक इन करने के लिए, 10 मिनट जल्दी अपने स्केट में पहुंचें। यदि आपको अपनी रिजर्वेशन्स रद्द करने की आवश्यकता है, तो 905.791.2240 पर फोन करें।

घर-में रेक्रिएशन

ऑनलाइन फिटनेस और क्राफ्ट ट्यूटोरियल्स के साथ घर में रहते हुए ही क्रियाशील और दूसरों के साथ जुड़े रहें। पूरे शरीर की एक्सरसाइज करते हुए स्वस्थ रहें, सीखें कि ओरिगैमी हार्ट कैसे बनाते हैं, अपने सुंदर लिखावट (कैलिग्राफी) कौशलों का अभ्यास करें। www.brampton.ca/recreation पर कई प्रकार की रेक एट होम (Rec At Home) गतिविधियों तक पहुंच प्राप्त करें।

55 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए वर्चुअल हॉलिडे वर्कशॉप्स

17 दिसम्बर, 2020 और 5 जनवरी, 2021 को, 55 वर्ष से अधिक उम्र के बुज़ुर्गों को, सेरामिक्स और 3D मॉडल किटों और पेंट नाइट में, आभासी वर्कशॉप्स में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इन गतिविधियों का नेतृत्व, WebEx का प्रयोग करते हुए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर्स द्वारा किया जाएगा।

सामग्रियां, प्रोग्राम शुरू होने से सप्ताह पहले, फ्लावर सिटी सीनियर्स रेक्रिएशन सेंटर (Flower City Seniors Recreation Centre) पर, कर्बसाइड पिक-अप के लिए उपलब्ध होंगी। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के दौरान, हिस्सा लेने वाले, अपनी पसंद का सामग्री पिक-अप टाइमस्लट चुन सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए और रजिस्टर करने के लिए, www.brampton.ca/recreation पर जाएं या 311 पर फोन करें।

हॉलिडे क्राफ्ट किटें

ब्रैम्पटन रेक्रिएशन (Brampton Recreation) के रेक एट होम प्लेटफॉर्म के हिस्से के तौर पर, निवासी मुफ्त में घर-में ही हॉलिडे क्राफ्ट का आनंद ले सकते हैं। कदम-दर-कदम ऑनलाइन ट्यूटोरियल्स का अनुसरण करके और रेडिमेड गतिविधि किट का उपयोग करके, निवासी इन गतिविधियों में हिस्सा लेकर, अपनी खुद की गति से वस्तुएं बना सकते हैं। 19 दिसम्बर से शुरू करते हुए, सामान समाप्त

होने तक, मुफ्त गतिविधि किटें, चुनिंदा आउटडोर रिंक्स पर कर्बसाइड पिक-अप के लिए उपलब्ध हैं। विवरणों के लिए www.brampton.ca/recreation पर जाएं।

लघु आभासी गेम्स और गतिविधियां

6 से 10 वर्ष के बच्चे, 19 दिसम्बर से शुरू करते हुए, 45-मिनटों की मुफ्त इंटरएक्टिव, आभासी गेम्स और गतिविधियों के लिए रजिस्टर कर सकते हैं। इनका नेतृत्व सिटी के प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन गेम्स खेलें, स्कवेंजर हंट आदि में हिस्सा लें और ऑनलाइन आर्ट्स गतिविधियों में शामिल हों! विवरणों के लिए, www.brampton.ca/recreation पर जाएं।

**ब्रैम्पटन लाइब्रेरी**

ब्रैम्पटन लाइब्रेरी (Brampton Library) की सभी ब्रांचें बंद रहेंगी:

- वीरवार, 24 दिसम्बर, 2020
- शुक्रवार, 25 दिसम्बर, 2020
- शनिवार, 26 दिसम्बर, 2020
- वीरवार, 31 दिसम्बर, 2020
- शुक्रवार, 1 जनवरी, 2021

ब्रैम्पटन लाइब्रेरी के स्टाफ और ग्राहकों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जा रही है। ब्रैम्पटन लाइब्रेरी कार्ड और पिन (PIN) के साथ, ऑनलाइन और पिकअप जगह का चयन करके, उधार लेने वाली वस्तुएं रक्षित करें। कृपया अपनी वस्तुएं पिकअप करने से पहले, सूचना मिलने की प्रतीक्षा करें। मेम्बर्स के लिए, लाइब्रेरी की सेवाओं का उपयोग करने हेतु, कर्बसाइड और इन-ब्रांच होल्ड्स (In-branch Holds) पिकअप, ग्रैब-एंड-गो (Grab-n-Go), बुक बंडल्स (Book Bundles) आदि कई तरीके पेश किए जा रहे हैं। सभी ब्रांचों में, 24-घंटे वाले बाहरी ड्रॉप बॉक्सेज द्वारा, लचीली वापसियों का आनंद लें। हमारी डिजिटल लाइब्रेरी (Digital Library) में मुफ्त ई-बुक्स और ई-ऑडियोबुक्स, मनोरंजन स्ट्रीमिंग, ऑनलाइन प्रशिक्षण तथा और भी बहुत कुछ देखें। साथ ही, bramptonlibrary.ca पर, कैलंडर ऑफ इवेंट्स (Calendar of Events) में हर उम्र और रुचि वाले लोगों के लिए, आभासी प्रोग्रामों के बारे में जानें। हमारे ईमेल अपडेट्स के लिए सब्सक्राइब करें (Subscribe to our email updates) और Facebook, Twitter और Instagram @bramptonlibrary पर, हमें फॉलो करें।

**ब्रैम्पटन एनिमल सर्विसिज**

ब्रैम्पटन एनिमल शेल्टर (Brampton Animal Shelter), निम्नलिखित शेड्यूल पर चलेगा:

- वीरवार, 24 दिसम्बर, 2020 – दोपहर के बाद बंद
- शुक्रवार, 25 दिसम्बर, 2020 - बंद
- शनिवार, 26 दिसम्बर, 2020 – बंद

- रविवार, 27 दिसम्बर, 2020 – सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक खुला
- सोमवार, 28 दिसम्बर, 2020 – बंद
- मंगलवार, 29 दिसम्बर, 2020 – सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक खुला
- बुधवार, 30 दिसम्बर, 2020 – सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक खुला
- वीरवार, 31 दिसम्बर, 2020 – दोपहर के बाद दोपहर के बाद बंद
- शुक्रवार, 1 जनवरी, 2021 – बंद

शेल्टर, शनिवार, 2 जनवरी, 2021 को नियमित बिजनेस के लिए दुबारा खुलेगा। जब शेल्टर खुलेगा, तो वहां जाने के लिए मुलाकात बुक करना जरूरी होगा।

एनिमल कंट्रोल (Animal Control), 24 से 28 दिसम्बर, 2020 तक, सुबह 8 बजे से शाम 6:30 बजे तक सड़क पर मौजूद होगा। एनिमल कंट्रोल, 29 और 30 दिसम्बर, 2020 को, सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक सड़क पर मौजूद होगा। इन घंटों के बाद, एनिमल कंट्रोल केवल एमरजेंसी कॉल्स का ही जवाब देगा।

इस समय एनिमल कंट्रोल, निम्नलिखित कामों के लिए कॉल्स का जवाब दे रहा है:

- बीमार/ज़ख्मी/हिंसक घरेलू जानवर या जंगली जानवर का पिक अप
- हिंसक जानवर
- घर से बाहर निकले कुत्ते को बचाना
- कुत्ते के काटने की जांच
- बांधकर रखे आवारा कुत्तों का पिक अप
- मरे हुए जानवरों का पिक अप

**ब्रैम्पटन में नववर्ष 2021**

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, हवाया माइटी (Haviah Mighty) और टोक्यो पुलिस क्लब (Tokyo Police Club) के साथ, आभासी तौर पर 2021 का जश्न मनाएगी! प्रदर्शन, वीरवार, 31 दिसम्बर को, रात 8 बजे, Brampton.ca/NewYearsEve पर ऑनलाइन शुरू होगा। पटाखों के ऑनलाइन अनुभव और परिवार-अनुकूलित गतिविधियों के साथ, जश्न जारी रहेगा। लोकल रेस्टोरेंट्स से टेकआउट का आनंद जरूर लें और अपने घर में मनाए गए जश्न को, समुदाय के साथ साझा करने के लिए, #BramptonNewYearsEve और #BramptonTogether का उपयोग करें। इस वर्ष, कोई व्यक्तिगत कार्यक्रम नहीं होंगे।

**पटाखे**

नववर्ष, वर्ष में मंज़ूर किए उन चार दिनों में से एक है, जब निजी प्रॉपर्टी पर, सिटी से अनुमति लिए बिना, छोटी-रेंज के पटाखों की अनुमति होती है। छोटी-रेंज के पटाखे ऐसे पटाखे हैं, जो चलाए जाने पर 3 मीटर (10 फुट) से कम दूरी तक जाते हैं (उदाहरण के लिए, अनार, चक्कर, ज़मीनी चक्कर, फुलझड़ियां)। अन्य सभी रॉकेट किस्म में पटाखों पर ब्रैम्पटन में पाबंदी है। सिटी निवासियों को याद दिलाती है कि पटाखों को गली में, साइडवॉक्स पर, सिटी के पार्कों के अंदर या म्युनिसिपल या स्कूल की प्रॉपर्टीज पर चलाने की अनुमति नहीं है। अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca पर जाएं।

अपनी निजी प्रॉपर्टी पर छोटी-रेंज़ के पटाखे चलाते समय, आपके लिए इन सुरक्षा सावधानियों का पालन करना आवश्यक है:

- अपने पास पानी का कंटेनर या पानी से भरी कोई होज़ लाइन होनी आवश्यक, जो पटाखे बुझाने के लिए उपलब्ध हो
- आपके लिए आवश्यक है कि आप फुलझड़ियों के अलावा, कभी भी पटाखों को अपने हाथों में पकड़कर न चलाएं या जलते हुए पटाखों को हाथ में न पकड़ें
- फुलझड़ियां चलाने के बाद, उनका निपटारा करने से पहले, पूरी तरह से ठंडा होने के लिए उन्हें पानी के कंटेनर में डाल दें।
- सभी पटाखों का निपटारा करने से पहले, उन्हें पूरी तरह से ठंडा होने दें।

**छुट्टियों के लिए पील पब्लिक हेल्थ के रिमाइंडर**

इस वर्ष छुट्टियां अलग तरह से मनाने की जरूरत है। पील में केसों की संख्या ज्यादा ही बनी हुई है और ओनटैरियो में हमारे पॉजिटिव केस सबसे अधिक हैं। वायरस हमारे समुदायों में फैल रहा है। दूसरे हर व्यक्ति से हमारा संपर्क, बीमारी फैला सकता है। इसमें चर्च में, आपके घर और समुदाय में होने वाला संपर्क शामिल है।
इस वर्ष, आपके लिए जरूरी है:

- केवल अपने सगे पारिवारिक मेम्बर्स और जरूरी सहायकों के साथ ही जश्न मनाएं।
- जो लोग आपके घर में नहीं रहते, उनके साथ आभासी तौर पर जश्नों में शामिल हों।
- व्यक्तिगत तौर पर शामिल होने की बजाय धार्मिक रस्में लाइवस्ट्रीम करें।
- अपना घर सजाएं लेकिन केवल अपने घर के अंदर रहने वाले लोगों के साथ ही जश्न मनाएं – अपने रिश्तेदारों या दोस्तों को अपने घर न बुलाएं।
- अपना पसंदीदा भोजन बनाएं और आभासी तौर पर भोजन साझा करें
- आपने जिन लोगों को गिफ्ट देने हों, उनके दरवाजे के बाहर ही रखकर अपने घर आ जाएं।
- अपने दोस्तों और परिवार को फोन या इंटरनेट पर क्रिसमस की बधाई दें।

<u>छुट्टियों के लिए घर लौटना</u>

- घर से दूर रहने वाले, यूनिवर्सिटी, कॉलेज के और अन्य विद्यार्थियों को चाहिए कि वे छुट्टियों के लिए घर लौटने से पहले, 10 से 14 दिनों तक खुद को क्वारंटाइन करें या दूसरों से निकट संपर्क को पूरी तरह से कम करें। इससे कोविड-19 से संक्रमित होने का जोखिम कम करने में मदद मिलेगी।

- यदि विद्यार्थी, घर लौटने से पहले दूसरों से निकट संपर्क को कम करने में अक्षम हों, तो कृपया निकट संपर्क की मात्रा कम करें, खास करके बुजुर्गों और पहले से बीमार व्यक्तियों के साथ।
- घर आने के लिए ट्रैवल करने वाले अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों को, कैनेडा लौटने पर, क्वारंटाइन होना पड़ेगा और अन्य संस्थागत प्रोटोकॉल्स का पालन करना होगा। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे जाने से पहले अपने देश की टेस्टिंग शर्तों के बारे में भी पता कर लें।

इस बारे में और जानकारी के लिए कि खुद को और प्रियजनों को सुरक्षित कैसे रखा जाए, peelregion.ca/coronavirus/ पर जाएं या रीजन ऑफ पील को, Twitter, Facebook, और Instagram पर फॉलो करें।

-30-

**सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca

**रीजन ऑफ पील का मीडिया संपर्क**
ऐश्ले हॉकिन्स (Ashleigh Hawkins)
कम्युनिकेशंस स्पैशलिस्ट – पब्लिक हेल्थ
द रीजन ऑफ पील
416.818.4421 | ashleigh.hawkins@peelregion.ca